# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

## ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश

जी.बी.यू./003/वित्त/5.38/2021-22/91/8 दिनाँकः 09.09.2021

**समस्त स्कूल अधिष्ठाता/ प्रभारी अधिष्ठाता**
**गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**
ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर।

विषयः **शैक्षिक सत्र 2021-22 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु वैबसाइट scholarship.up.gov.in पर ऑनलाइन नवीनीकरण (Renewal) और नवीन (Fresh) छात्र/ छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।**

अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में उत्तर प्रदेश की छात्रवृत्ति योजना हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने की **अंतिम तिथि 21.10.2021 तक** हैं। समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें। क्योंकि वेबसाइट अंतिम तिथि के आसपास के दिनों में अधिक व्यस्त (Busy) हो जायेगी। इसलिए छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन फॉर्म भरने में कठिनाई आएगी, और अंतिम तिथि बढ़ने की कोई आशा प्रतीत नही होती है। **अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए अविलम्ब ऑनलाइन फॉर्म भर कर स्वयं जाँचने वाला प्रिन्ट लेकर विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में तत्काल जाँच करवा कर और गलती को सुधार करने के बाद फाइनल प्रिन्ट लेकर आवेदनों को समस्त प्रमाण पत्रों की (Hardcopy & Softcopy PDF file with Rename) के साथ संलग्न करके** सभी छात्र-छात्राऐं अपने सम्बन्धित स्कूल के Dean & HOD से सत्यापित करवा के **लेखा/वित्त विभाग (Accounts/Finance Office) में जमा कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि आवेदनो को शिक्षण संस्थान द्वारा समयानुसार Forwarded किये जा सके।**

1. सभी पात्र छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु गत वर्ष (Last Year) का परीक्षाफल (Result) को आवेदन में भरना अनिवार्य है।
2. परीक्षाफल के प्राप्तांक/ पूर्णांक पूर्णतः सही भरें।

   **जैसेः- प्राप्तांक = OVER All CGPA*10/ पूर्णांक =100**
3. उ0प्र0 छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन उन्ही छात्र-छात्राऐं के आवेदन वित्त/ लेखा विभाग में जमा होगें, जिनकी पूर्ण फीस सेमेस्टर वाइज़ जमा होगी।

(एस0के0शर्मा)
**नोडल अधिकारी/ वित्त अधिकारी**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मा0 कुलपति के स्टाफ को कुलपति महोदय के संज्ञान में लाये जाने हेतु।
2. कुलसचिव महोदय।
3. चैयरपर्सन (परीक्षा) को इस आशय से प्रेषित है कि गत-वर्ष के अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को अंकतालिका उपलब्ध कराने की कार्यवाही अविलम्ब कराने का कष्ट करें।
4. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण।
5. मुख्य अभिरक्षक (महिला/पुरुष) ।
6. सिस्टम मैनेजर, CCC को इस आशय से प्रेषित कि GBU की वेबसाइट पर Menu में एक कॉलम बनाने का कष्ट करते हुए। उक्त आदेश समस्त छात्र-छात्राओं के अवलोकनार्थ को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

नोडल अधिकारी/ वित्त अधिकारी